संपादकीय

दबाव से पस्त पाक

आखिरकार अंतर्राष्ट्रीय दबाव में जर्जर अर्थव्यवस्था वाले पाकिस्तान ने स्वीकारा है कि उसकी धरती पर मदरसों में घृणा का पाठ पढ़ाया जाता रहा है। सरकार ने अब इन मदरसों को नियंत्रण में लेकर दुनियावी ज्ञान व आधुनिक शिक्षा देने का फैसला किया है। दुनिया में हुई बड़ी आतंकी ?घटनाओं में इस्लामिक आतंकवादियों की भूमिका से अलग-थलग पड़ते पाक जैसे देशों और मसूद अजहर के मामले में अमेरिका, ब्रिटेन व फ्रांस की प्रतिबद्धता के चलते पाक बैकफुट पर नजर आ रहा है। यहां तक कि आतंकवादियों को आर्थिक मदद देने के आरोप में पाक को ऋण देने वाली संस्थाओं द्वारा कदम पीछे खींचने तथा इस मामले की निगरानी करने वाली अंतर्राष्ट्रीय संस्था द्वारा पाक को ग्रे सूची में शामिल करने से पाक अब बचाव की मुद्रा में है। कहना कठिन है कि मदरसों पर नियंत्रण का फैसला इन अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं के दबाव में लिया गया है या फिर पाक को अपने अपराध बोध का अहसास हुआ है। बहरहाल, पाक हुक्मरानों द्वारा मदरसों में हेट स्पीच की पढ़ाई की बात को स्वीकारना भारत की बड़ी जीत है। भारत दशकों से कहता रहा है कि पाक आतंक की पाठशालाएं चला रहा है। पाक सेना के प्रवक्ता मेजर जनरल आसिफ गफूर ने पत्रकारों से बात करते हुए स्वीकारा है कि आतंकवाद के आरोपों के चलते पाक को करोड़ों डॉलर का नुकसान हुआ है। इसमें यह स्वीकारोक्ति भी है कि पाक में जिहादी मौजूद हैं। साथ ही उन्होंने स्वीकारा कि पाक में तीस हजार मदरसों में 25 लाख बच्चों को शिक्षा मिलती है। अब इन मदरसों को शिक्षा विभाग नियंत्रित करेगा। मदरसों के पाठ्यक्रम में नये विषय जोड़े जायेंगे। हेट स्पीच की बजाय दूसरे समुदायों का आदर करना सिखाया जायेगा। यह भी स्वीकारा गया कि आजादी के वक्त जहां देश में 247 मदरसे थे, आज उनकी संख्या तीस हजार से अधिक है। साथ ही ढाई करोड़ बच्चे स्कूल नहीं जाते। निश्चित रूप से यह स्वीकारना होगा कि भारत सरकार ने पुलवामा हमले के बाद पाकिस्तान पर जो अंतर्राष्ट्रीय दबाव बनाया है, उसके नतीजे अब सामने आने लगे हैं। उसी का नतीजा है कि पाक अंतर्राष्ट्रीय बिरादरी में अलग-थलग पड़ता नजर आ रहा है। जैश-ए-मोहम्मद के सरगना पर प्रतिबंध लगाने की मुहिम वैश्विक स्तर पर सिरे चढ़ गई है। भले ही चीन के अड़ियल रवैये के कारण उसे अंतर्राष्ट्रीय आतंकवादी घोषित न किया जा सका हो, मगर पाक की फजीहत अच्छी खासी हो चुकी है। जिस तरह फ्रांस व अमेरिका खुद इस प्रस्ताव को सिरे चढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं, ?उससे जाहिर है कि भारत की नीति को विश्व बिरादरी में भरपूर समर्थन मिल रहा है। चीन के अड़ियल रवैये का कारण साफ है कि 'वन बेल्ट, वन रोड' परियोजना के तहत चीन ने पाक में जो 60 अरब डॉलर का निवेश किया है, वह खटाई में पड़ सकता है। दूसरे, उसके एक प्रांत में जिस तरह इस्लामिक आतंकवाद सिर उठा रहा है, उस पर इस्लामिक जगत का समर्थन पाने की लालसा भी मसूद ?अजहर के पक्ष में खड़े होने के मूल में है।

रिकॉर्ड स्तर पर कर्ज़ पहुंचने से क्रैश हो सकती है अर्थव्यवस्था

» पाकिस्तान को बड़ा झटका!

इस्लामाबाद (आरएनएस)। पाकिस्तान के आम लोग इन दिनों महंगाई की मार से जूझ रहे हैं. महंगाई ने यहां पिछले पांच साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है. वहीं, सरकार के लिए बढ़ता कर्ज लगातार सिरदर्द बढ़ा रहा है. इंस्टीट्यूट ऑफ इंटरनेशनल फाइनेंस (आईआईएफ) की एक रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान कर्ज़ के बोझ तले बुरी तरह दब चुका है. जीडीपी की तुलना में कर्ज के मामले में सबसे बुरा हाल जमाइका, श्रीलंका और पाकिस्तान का है. पाकिस्तान में जीडीपी की तुलना में कर्ज पिछले साल 2018 की चौथी तिमाही (अक्टूबर-नवंबर-दिसंबर 2018) में बढ़कर 75.1 फीसदी पहुंच गया जो एक साल पहले 67 फीसदी था.

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पाकिस्तान का चालू खाता घाटा तेजी से बढ़ रहा है. इसीलिए पाकिस्तान आईएमएफ के 13वें बेलआउट पैकेज की तरफ देख रहा है. वहीं सरकार के पास एक ही विकल्प है या तो लोगों पर बोझ बढ़ाया जाए या भुगतान संतुलन की समस्या से जूझे जिससे अर्थव्यवस्था क्रैश हो सकती है. पाकिस्तान खुद को नकदी संकट से बाहर निकालने के लिए आईएमएफ से आठ अरब डॉलर का राहत पैकेज चाहता है.

बुधवार को शुरू हुई वार्ता से पहले बीजिंग में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान की आईएमएफ प्रमुख क्रिस्टीन लेगार्ड के साथ बैठक हुई थी. आईएमएफ का प्रतिनिधिमंडल सोमवार को यहां पहुंचा था. प्रस्तावित कर्ज़ पर यह बातचीत छह मई को संपन्न होने की उम्मीद है. जियो न्यूज की खबर के अनुसार प्रस्तावित राहत पैकज सात से आठ अरब डॉलर का होगा. इंस्टीट्यूट ऑफ इंटरनेशनल फाइनेंस (आईआईएफ) की एक रिपोर्ट के मुताबिक 2018 में इन देशों में लिया गया कर्ज करीब 17.4 लाख करोड़ रुपये बढ़कर 223 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया जो जीडीपी का करीब 117 फीसदी था.

पेट्रोल, डीजल के भाव स्थिर, कच्चे तेल में नरमी जारी

नई दिल्ली (आरएनएस)। पेट्रोल और डीजल के दाम शुक्रवार को स्थिर रहे। एक दिन पहले तेल कंपनियों ने पेट्रोल और डीजल के दाम में कटौती की थी और अंतर्राष्ट्रीय बाजार में अगर कच्चे तेल में गिरावट का सिलसिला आगे भी जारी रहा तो भारत में तेल और सस्ता हो सकता है। ब्रेंट क्रूड का वायदा भाव जो 25 अप्रैल को 75 डॉलर प्रति बैरल के उपर चला गया था वह इस समय 70 डॉलर प्रति बैरल के करीब आ गया है। अमेरिका में कच्चे तेल के भंडार में पिछले सप्ताह अप्रत्याशि वृद्धि होने की रिपोर्ट आने के बाद से तेल के दाम में नरमी का रुख बना हुआ है। पिछले सत्र में ब्रेंट क्रूड का वायदा भाव 70 डॉलर प्रति बैरल से नीचे तक लुढ़क गया था जोकि तकरीबन एक महीने का सबसे निचला स्तर था। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के अनुसार, दिल्ली, कोलकाता, मुंबई और चेन्नई में पेट्रोल के दाम क्रमशः 73.07 रुपये, 75.08 रुपये, 78.64 रुपये और 75.84 रुपये प्रति लीटर रहे। चारों महानगरों में डीजल के दाम भी पूर्ववत क्रमशः 66.66 रुपये, 68.39 रुपये, 69.77 रुपये और 70.39 रुपये प्रति लीटर रहे।

संग्राम चौधरी मदर डेयरी के नए प्रबंध निदेशक नियुक्त

नई दिल्ली (आरएनएस)। मदर डेयरी फ्रूट एंड वेजिटेबल प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक मंडल ने संग्राम चौधरी को संगठन का नया प्रबंध निदेशक नियुक्त किया है। चौधरी ने 1 मई, 2019 से प्रभावी कार्यभार ग्रहण कर लिया है। उनकी नियुक्ति कंपनी के विकास और प्रगति को नई गति प्रदान करेगी। संग्राम चौधरी का देश के डेयरी क्षेत्र में तीन दशकों से अधिक का समृद्ध अनुभव है और कार्यकारी निदेशक, राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) के रूप में चौधरी ने अनुकरणीय नेतृत्व का प्रदर्शन किया है। एनडीडीबी में अपने कार्यकाल के दौरान चौधरी ने पशु पोषण, प्रजनन और पशुधन संबंधित मुद्दों के कार्यान्वयन और राष्ट्रीय और राज्य स्तर की नीतियों के अलावा राष्ट्रीय डेयरी योजना को लागू करने में सहयोग प्रदान किया है।

गोएयर ने टिकट रद्द कराने का शुल्क किया माफ

नई दिल्ली (आरएनएस)। गोएयर ने भयंकर चक्रवाती तूफान 'फोनी' के मद्देनजर प्रभावित इलाकों के यात्रियों के लिए टिकट रद्द कराने या यात्रा के समय एवं तिथि में बदलाव के लिए शुल्क माफ करने की घोषणा की है। गोएयर ने गुरुवार को बताया कि 02 मई से 05 मई के बीच भुवनेश्वर, कोलकाता और राँची जाने के लिए या वहाँ से आने के लिए बुक कराये गये टिकटों को रद्द कराने या उनकी तिथि और समय में बदलाव के लिए यात्रियों को कोई शुल्क नहीं देना होगा। यात्री पहले से तय बुकिंग के सात दिन के भीतर की यात्रा के लिए बुकिंग में बदलाव कर सकते हैं। देश की सबसे बड़ी विमान सेवा कंपनी इंडिगो ने बताया कि भुवनेश्वर से 02 मई और तीन मई को आने और जाने वाली उसकी सभी उड़ानें रद्द हैं। एयरलाइंस ने कहा है कि वह स्थिति पर नजर रखे हुये है। उसने यात्रियों को हवाई अड्डे के लिए निकलने से पहले उड़ान की स्थिति पता कर लेने की सलाह दी है।

भारत में जनवरी-मार्च के दौरान 5 फीसदी बढ़ी सोने की मांग

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारत में इस साल के शुरुआती तीन महीने के दौरान सोने की मांग में पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले पांच फीसदी का इजाफा हुआ। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल (डब्ल्यूजीसी) द्वारा गुरुवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, भारत में जनवरी से लेकर मार्च तक सोने की मांग 159 टन रही, जोकि पिछले साल की समान अवधि के 151.5 टन से पांच फीसदी अधिक है।

हालांकि सोने के मूल्य के रूप में इस साल की पहली तिमाही में 13 फीसदी का इजाफा हुआ। पिछले साल जहां शुरुआती तिमाही में 41,680 करोड़ रुपये के सोने की मांग दर्ज की गई थी, वहां इस साल पहली तिमाही में 47,010 करोड़ रुपये के सोने की मांग रही।

भारत में सोने की मांग मुख्य रूप से आभूषण के लिए ज्यादा देखने को मिलती है। डब्ल्यूजीसी के आंकड़ों के अनुसार, सोने की जेवराती मांग 2018 की पहली तिमाही में जहां 119.2 टन थी वहां इस साल 125.4 टन रही। इस प्रकार जेवराती मांग में भी पांच फीसदी की वृद्धि हुई। आलोच्य अवधि में देश में सोने की निवेश मांग में चार फीसदी का इजाफा हुआ है। पिछले साल की पहली तिमाही में भारत में सोने की निवेश मांग जहां 32.3 टन थी वहां इस साल 33.6 टन रही है।

डब्ल्यूजीसी के अनुसार, 2019 के दौरान भारत में सोने की मांग 750-850 टन के करीब रहने का अनुमान है। डब्ल्यूजीसी ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि बीती तिमाही के आखिर में डॉलर के मुकाबले रुपये में आई मजबूती और अंतर्राष्ट्रीय बाजार में सोने के भाव में रही नरमी से भारत में सोने की मांग में वृद्धि देखी गई।

फेसबुक ने चरमपंथी पोस्टों पर प्रतिबंध लगाया

वाशिंगटन (आरएनएस)। फेसबुक और इंस्टाग्राम ने चरमपंथी सामग्री के खिलाफ सबसे कड़ी कार्रवाई करते हुए अपने प्लेटफार्म से इस्लामी राष्ट्र के नेता लुई फर्राखा, दक्षिणपंथी विचारधारा वाले एलेक्स जोन्स और इन्फोवार्स की कंपनी के सोशल मीडिया आउटलेट प्रतिबंध लगाया। गुरुवार को जारी रिपोर्ट्स में कहा गया है कि फेसबुक और इंस्टाग्राम से वह इस्लामी राष्ट्र के नेता लुई फर्राखा, दक्षिणपंथी विचारधारा वाले एलेक्स जोन्स और उनके मीडिया आउटलेट इन्फोवार्स के प्रोफाइल को हटा देगा। साथ ही पॉल नेहलेन, मिलो याओनोपोलोस, पॉल जोसेफ वॉटसन और लॉरा लोमरोर कई अन्य दक्षिणपंथी चरमपंथी विचारक भी इसमें शामिल है। फेसबुक ने सीएनएन और अन्य आउटलेट्स के हवाले से जारी बयान में कहा, हमने हमेशा विचारधारा की परवाह किए बिना हिंसा या नफरत फैलाने वाले व्यक्ति और संगठनों पर प्रतिबंध लगाया है। कंपनी ने अगस्त 2018 में जोन्स और इंफोवेयर को फेसबुक से प्रतिबंधित कर दिया था, लेकिन उन्हें और उनकी कंपनी को इंस्टाग्राम पर अपनी उपस्थिति बनाए रखने की अनुमति थी। उल्लेखनीय है कि मार्च के अंत में फेसबुक ने श्वेत राष्ट्रवाद और श्वेत अलगाववाद की प्रशंसा, समर्थन और प्रतिनिधित्व पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की।

आज का राशिफल

मेषः- आज आपको अपने खर्च पर संतुलन बनाना होगा, आय की तुलना में खर्च अधिक हो सकता है, पूर्व नियोजित यात्रा को टालना पड़ सकता है।

वृषभः- आज किस्मत का साथ मिलेगा। मेहनत के अनुपात में दोगुना लाभ प्राप्त कर सकेंगे। अपना व्यवहार सहयोगात्मक रखें, इससे लोगों से भी सहयोग प्राप्त कर सकेंगे।

मिथुनः- आज कार्य की व्यस्तता रहेगी, धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी और नई तकनीक की जानकारी के प्रति आपका रुझान बढ़ेगा। कुल मिलाकर आज

कर्कः- भाग्य का भरपूर साथ मिलेगा। सावधानीपूर्वक एवं सोच-विचार करके ही काम करें, लाभ मिलेगा।

सिंहः- जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकता है, सचेत होकर कार्य करें। अपनी भावनाओं पर नियंत्रण रखकर कोई भी निर्णय लें, भावुकता में लिए गए निर्णय से नुकसान होगा।

कन्याः- आज आपके विरोधी परास्त होंगे। प्रिय व्यक्ति से मुलाकात एवं उनकी उपस्थिति आपको प्रसन्न रखेगी। कारोबार में लाभ की स्थिति रहेगी।

तुलाः- आपकी योग्यता और कार्यक्षमता की तारीफ होगी। आपके सहकर्मी आपसे सीख लेंगे, परिवार मे रिश्तेदारों का आना-जाना लगा रहेगा।

वृश्चिकः- बीते दिनों की बेचैनी आज शांत हो जाएगी, मन में आंतरिक शांति का अनुभव होगा, अतिरिक्त आय के नए साधन नजर आएंगे।

धनुः- खुशी बरकरार रहे इसके लिए सावधान होकर कोई भी काम करें। किसी से वाद-विवाद में न पड़ें, आज क्रोध व वाणी पर नियंत्रण रखना आवश्यक है।

मकरः- नवीन कार्य के सिलसिले में यात्रा कर सकते हैं। आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। पराक्रम एवं आत्मविश्वास में वृद्धि का योग है।

कुंभः- आज ग्रहों की चाल से आपको लाभ का मौका मिल रहा है। दिन की शुरुआत धन लाभ से होगी और चिंतामुक्त होकर कार्यक्षेत्र में आप सक्रिय रहेंगे।

मीनः- लंबे समय से चली आ रही उलझन से छुटकारा मिलेगा। आलस्य छोड़कर कार्य में जुटे रहें, अनावश्यक खर्च से बचें।

स्पिनरों ने हमारे लिए मैच का रुख बदला : रोहित

मुम्बई (आरएनएस)। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ सुपर ओवर में मिली शानदार जीत के बाद प्लेऑफ में पहुंची मुम्बई इंडियंस टीम के कप्तान रोहित शर्मा मानते हैं कि स्पिनरों ने उनकी टीम की मैच में वापसी कराई थी।

रोहित के मुताबिक कम स्कोर की रक्षा करने में उनकी भूमिका अहम रही। इस मैच में तीन बार की चैम्पियन मुम्बई टीम ने पहले खेलते हुए 162 रन बनाए लेकिन मनीष पांडेय के 71 नाबाद रनों की बदौलत हैदराबाद टीम 20 ओवरों में 162 रन बनाने में सफल रही।

मैच सुपर ओवर तक गया, जहां मुम्बई ने जीत हासिल कर प्लेऑफ का टिकट कटाया। रोहित ने मैच के बाद कहा कि हैदराबाद के बल्लेबाज अच्छी बल्लेबाजी कर रहे थे और उनके लिए यह लक्ष्य आसान प्रतीत हो रहा था लेकिन स्पिनरों ने शुरुआती सफलता दिलाते हुए उनकी टीम को औसत स्कोर के बावजूद मुकाबले में बनाए रखा।

रोहित ने कहा, हम बड़ा स्कोर करना चाहते थे। पिच 40 ओवर तक अच्छा खेली लेकिन इसके बाद रन बनाना मुश्किल हो गया। हम अपेक्षाकृत स्कोर नहीं हासिल कर सके। हम जानते थे कि

अब गेंदबाजों की भूमिका अहम होगी और हमारे स्पिनरों ने उम्मीदों पर खरा उतरते हुए मध्यक्रम पर दबाव बनाया और औसत लक्ष्य को बचाने में अहम भूमिका अदा की।

खुद अपनी उम्र का खुलासा कर फंसे शाहिद अफरीदी



नई दिल्ली(आरएनएस)। शाहिद अफरीदी ने अपनी आत्मकथा गैम चैंजर में एक बड़े झूठ को उजागरा किया है जो वह अपने क्रिकेट करियर में अभी तक छुपाते हुए आए थे। अफरीदी ने अपनी आत्मकथा में कहा है कि आधिकारिक दस्तावेजों में उनकी गलत उम्र दर्ज है। वेबसाइट ईएसपीएनक्रिकइंफो की रिपोर्ट के मुताबिक, अफरीदी ने अपनी आत्मकथा मे लिखा है कि वह 1975 में जन्में थे ना कि 1980। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान ने हालांकि अपनी जन्मतिथि का महीना और दिन नहीं बताया है, लेकिन इससे एक बात साबित हो गई है कि अफरीदी अभी तक झूठी उम्र के साथ क्रिकेट खेल रहे थे।

मैंगो पेना कोटा बनाने की विधि...

सभी लोग मेहमानों के आने पर उन्हें कुछ स्पेशल और नया सर्व करना चाहते हैं. अगर आपके यहाँ भी मेहमान आने वाले हैं और आप उनके सामने कुछ स्पेशल सर्व करना चाहती हैं तो मैंगो पेना कोटा बनाएं. यह बनाने में आसान होने के साथ-साथ बहुत ही स्वादिष्ट होता है. आइए जानते हैं मैंगो पेना कोटा बनाने की रेसिपी.

सामग्रीः

फ्रैश आम- 75 ग्राम (बीज निकालकर कटा हुआ),दूध- 150 मिली,फ्रैश क्रीम- 150 ग्राम,अगर-अगर- 8 ग्राम,शक्कर- 50 ग्राम,फ्रैश मैंगो प्यूरी- 40 मिली,वनीला एक्स्ट्रैक्ट- 2 मिली,क्रैनबेरी कंपोट- 25 ग्राम,मिंट- 5 ग्राम (गार्निश के लिए)

विधि-

1- मैंगो पेना कोटा बनाने के लिए सबसे पहले एक कटोरी में ठंडा पानी लेकर इसमें आम के टुकड़ों को डालकर रख लें.

2- अब एक पैन में 150 ग्राम फ्रेश क्रीम, 150 मिली लीटर दूध और 50 ग्राम चीनी डालकर थोड़ी देर तक पकाएं. 3- अब इसमें आम का मिश्रण डालकर अच्छे से मिक्स करें. जब मिश्रण गाढ़ा हो जाए तो इसमें वनीला एक्सट्रेक्ट और कटे हुए आम डालकर मिक्स करें. 4- अब इसे अपने पसंद के सिलिकॉन मोल्ड में डालकर 6 घंटों के लिए फ्रिज में रख दें. 5- अब इसे एक प्लेट में निकाल कर इस के ऊपर क्रेनबेरी कंपोट और 5 ग्राम मिंट डालकर गार्निश करें. आप चाहें तो इसे गिलास में डालकर भी सर्व कर सकते हैं.

शब्द सामर्थ्य-53

बाएं से दाएं
1. कतार, क्रम, पांत 2. लज्जत, जायका 4. कारण, वजह 7. सुंदर प्रतीत होना, सुखद होना 8. घोड़े आदि का मल 9. अक्सर, ज्यादातर 10. चक्की में पीसना, मसलना, कुचलना 12. धनुष, फौजी टुकड़ी 13. आभूषण, जेवर 15. लहरों का चक्कर, जलावर्त, भ्रमर 17. बार्यां, विरुद्ध 18. गाना, नगमा 19. लाचार, विवश 22. नमन, प्रणाम 25. चौकी, थाना 26. इकरार, समझौता, ठेका 27. अधिकार होना, सामर्थ्य होना (मुहा.)।

ऊपर से नीचे
1. एक प्रदेश जिसकी राजधानी चंडीगढ़ है 2. हविर्दान के समय उच्चारित एक शब्द, भष्म 3. दन-दन करते हुए 5. बलशाली, बलवाला 6. परिवर्तित करना, पहले से भिन्न हो जाना 7. चांद, चंद्रमा, रजनीश 11. अप्रिय, अरुचिकर 14. मैं का बहुवचन 15. भंगेड़ी, भंग करने वाला, झाड़ू लगाने तथा मैला साफ करने वाली 16. मातृभूमि, स्वदेश 19. मक्खन, माखन 20. बुढ़ापा, धन, ज्वर 21. टालना, हटाना, बहाना करके हटाना 23. सीमा, हद 24. सौ का पाचंवा हिस्सा 25. घोड़े के पैरों में लगाने का लोहे का टुकड़ा, पौधे आदि का डंठल।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 52 का हल

वि	ज	य	■	ब	नि	या	■	दे
वा	■	ती	त	र	■	रा	जी	व
ह	मा	म	■	स	ष	ना	■	ता
■	न	■	■	■	टा	■	■	■
दा	व	त	■	वि	ना	श	■	अ
य	■	ह	त्या	■	■	ह	जी	ना
रा	ह	त	■	न	ज	र	■	व
■	वा	■	■	■	मी	■	ना	श्य
दु	ला	रा	■	जा	न	की	■	क

सू-दोकू-53

	7			4		3		
2			3			9		4
	6			2				
3		1			7		4	
	2			1			6	
8			9		4			1
		2		3		7		
1			7		2	4		3
	5	3		8			7	2

नियम
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.52का हल

9	2	8	3	1	5	7	4	6
4	1	6	8	9	7	2	5	3
7	3	5	4	6	2	8	1	9
2	7	3	9	8	1	4	6	5
5	4	1	6	7	3	9	2	8
6	8	9	2	5	4	1	3	7
3	6	2	7	4	9	5	8	1
8	5	7	1	2	6	3	9	4
1	9	4	5	3	8	6	7	2